सुनील कुमार, आई.ए.एस.
SUNIL KUMAR, IAS

सत्यमेव जयते

सचिव
भारत सरकार
पंचायती राज मंत्रालय
SECRETARY
GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF PANCHAYATI RAJ

अ.शा.सं. एम.11015/170/2019-एफडी

दिनांक : 12 मार्च, 2021

प्रिय

जैसा कि आप इस बात से अवगत हैं, "कैच द रेन, व्हेयर इट फॉल्स, व्हेन इट फॉल्स" अभियान की थीम के साथ जल शक्ति अभियान दिनांक 22 मार्च, 2021 से 30 नवंबर, 2021 तक यानी 2021 की पूर्व-मॉनसून और मॉनसून अवधि के दौरान मनाया जाएगा।

2. इस अभियान के तहत, जल संरक्षण और भूजल उपलब्धता में वृद्धि के लिए विभिन्न गतिविधियां लोगों की सक्रिय भागीदारी के साथ शुरु की जानी हैं। प्रस्तावित गतिविधियों में, सभी मौजूदा जल निकायों की गणना और डिजिटल मानचित्रण, अतिक्रमण हटाना और उनकी भंडारण क्षमता बढ़ाने हेतु टैंकों से गाद निकालना, उनके चैनलों में अवरोधों को हटाना, पारंपरिक जल संचयन संरचनाओं की मरम्मत, चेक डैम और खेत में तालाबों सहित वर्षा जल संचयन संरचनाओं का निर्माण, नदियों, झीलों और झरनों का पुनरुद्धार आदि जैसे कार्य शामिल हैं। ये सारी गतिविधियाँ मॉनसून की शुरुआत से पूर्व ही की जानी हैं, ताकि बड़ी मात्रा में वर्षा जल के विकेन्द्रीकृत भंडारण के लिए पर्याप्त स्पेस सृजित किया जा सके।

3. माननीय प्रधानमंत्री 22 मार्च, 2021 (विश्व जल दिवस) को इस अभियान का शुभारंभ करेंगे और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रस्तावित चुनाव वाले राज्यों को छोड़कर सभी जिलों के जिला मजिस्ट्रेट, जिला कलेक्टर, उपायुक्त और सभी ग्राम पंचायतों के सरपंचों को संबोधित करेंगे। आपके राज्य के पंचायती राज विभाग ग्राम पंचायतों/ पारंपरिक स्थानीय निकायों को इस अवसर पर एक विशेष ग्राम सभा आयोजित करने के लिए सुझाव दें। ग्राम सभा में सरपंच, निर्वाचित प्रतिनिधि और ग्राम सभा के अन्य प्रतिभागी इस आयोजन में भाग लेंगे और माननीय प्रधानमंत्री का संबोधन सुनेंगे। माननीय प्रधानमंत्री के संबोधन के पश्चात, प्रतिभागियों को एक "जल शपथ" (प्रति संलग्न) लेनी चाहिए और उसके पश्चात वर्षा जल संचयन, जल संरक्षण हेतु योजनाओं की तैयारी और सभी जल निकायों के मानचित्रण से संबंधित मुद्दों पर चर्चा करनी चाहिए। माननीय प्रधानमंत्री द्वारा जल संरक्षण पर सरपंचों को लिखे गए पत्र, प्रस्तावित चुनाव वाले राज्यों को छोड़कर, जो अलग से भेजे जा रहे हैं, उन्हें भी ग्राम सभा में पढ़ा जाना चाहिए।

4. आप अपने राज्य में पंचायतों/ पारंपरिक स्थानीय निकायों को इस अभियान के तहत जल संरक्षण की दिशा में ग्राम पंचायत भवनों, आंगनवाड़ी केन्द्रों, विद्यालयों, सीएससी भवनों, सामुदायिक भवनों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र/अस्पताल, डाकघर भवन, बैंक/ एटीएम भवनों/ संरचनाएं, पुलिस स्टेशन, बाजार/ दूकानों जैसे विभिन्न पंचायतों सरकारी/ स्वामित्व वाली/ नियंत्रित भवनें/ संरचनाओं की छत पर वर्षा जल संचयन प्रणालियों के निर्माण और रखरखाव और भूजल पुनर्भरण के लिए पंद्रहवें वित्त आयोग के अनाबद्ध अनुदानों सहित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों के तहत प्राप्त निधियों का उपयोग करने की भी सुझाव दें। मॉनसून अवधि के दौरान वृक्षारोपण करने के लिए वे नर्सरी भी तैयार कर सकते हैं।

कृषि भवन, डॉ राजेंद्र प्रसाद रोड, नई दिल्ली–110001, KRISHI BHAWAN, DR. RAJENDRA PRASAD ROAD, NEW DELHI-110001
Tel.: 011-23389008, 23074309 • Fax: 011-23389028 • E-mail: secy-mopr@nic.in

5. मॉनसून अवधि की शुरुआत होने से पूर्व कम समय की उपलब्धता को ध्यान में रखते हुए, यह अनुरोध किया जाता है कि पंचायतों/ पारंपरिक निकायों से कहा जाए कि वे उपर्युक्त गतिविधियों के लिए अपनी सभी योजनाओं पर ग्राम सभा में गंभीरता से चर्चा करें। विभिन्न मील के पत्थर और लक्ष्यों की उपलब्धियों की प्रगति की भी निरंतर निगरानी की जानी है ताकि अभियान के उद्देश्यों को प्राप्त किया जा सके। मई, जून, 2021 में मॉनसून की शुरुआत से ठीक पहले, कार्यान्वयन की समीक्षा करने और सभी योजनाओं के पूर्ण होने और योजना के अनुसार परिणामों की उपलब्धि को सत्यापित करने हेतु एक अनुवर्ती ग्राम सभा का भी आयोजन किया जा सकता है। जल शक्ति अभियान की गतिविधियों का निरीक्षण करने के लिए अभियान के अंतिम दिन अर्थात दिनांक 30 नवंबर, 2021 से पहले सप्ताह में एक ग्राम सभा भी बुलाई जा सकती है।

6. इस संबंध में आवधिक प्रगति और उपलब्धियों को भी इस मंत्रालय को नियमित रूप से सूचित किया जाए।

आपका,

हस्ता./-
12.03.21
**(सुनील कुमार)**

संलग्नक: यथोपरि

**मुख्य सचिव,**
सभी राज्य/संघ राज्य क्षेत्र।

प्रतिलिपि :

सभी राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों के प्रधान सचिव/ सचिव, पंचायती राज विभाग।

सत्यमेव जयते

National Water Mission

Ministry of Jal Shakti

# राष्ट्रीय जल मिशन

# **जल शपथ**

मैं पानी बचाने और उसके विवेकपूर्ण उपयोग की
शपथ लेता हूँ/लेती हूँ।

मैं यह भी शपथ लेता हूँ / लेती हूँ कि मैं जल का समुचित उपयोग
करूँगा / करुँगी ।

तथा पानी के हर एक बूंद का संचयन करूँगा / करूँगी और
जल शक्ति अभियान 'कैच द रेन' को बढ़ावा देने में
पूरा सहयोग दूंगा / दूंगी।

मैं पानी को एक अनमोल संपदा मानूँगा / मानूँगी
और ऐसा मानते हुए ही इसका उपयोग करूँगा / करुँगी।

मैं शपथ लेता हूँ / लेती हूँ कि मैं अपने परिवारजनों, मित्रों और
पड़ोसियों को भी इसके विवेकपूर्ण उपयोग और उसे व्यर्थ
नहीं करने के लिए प्रेरित करूँगा / करूँगी।

यह ग्रह हमारा है और हम ही इसे बचा सकते हैं
और अपना भविष्य सुरक्षित कर सकते हैं।

**हम सब मिलकर जल आंदोलन को
जन आंदोलन बनायेंगे।**

| | |
|---|---|
| श्री आदित्य नाथ दास,<br>मुख्य सचिव,<br>आंध्र प्रदेश सरकार,<br>सचिवालय भवन, हैदराबाद- 500001 | श्री सुखदेव सिंह,<br>मुख्य सचिव,<br>झारखंड सरकार,<br>प्रोजेक्ट बिल्डिंग, एचईसी, रांची-834002 |
| श्री नरेश कुमार,<br>मुख्य सचिव,<br>अरुणाचल प्रदेश सरकार,<br>सचिवालय, ईटानगर-791111 | श्री पी. रवि कुमार,<br>मुख्य सचिव,<br>कर्नाटक सरकार,<br>320, तीसरी मंजिल, विधान सौधा, बेंगलुरु -560001 |
| श्री अरुण कुमार सिंह,<br>मुख्य सचिव,<br>बिहार सरकार,<br>पुराना सचिवालय, पटना-800015 | श्री इकबाल सिंह बैंस,<br>मुख्य सचिव,<br>मध्य प्रदेश सरकार,<br>मंत्रालय वल्लभ भवन, भोपाल-462004 |
| श्री अमिताभ जैन, आईएएस<br>मुख्य सचिव,<br>छत्तीसगढ़ सरकार,<br>मंत्रालय, महानदी भवन,<br>नवा नगर, अटल नगर, रायपुर-492002 | श्री सीता राम जनार्दन कुंटे,<br>मुख्य सचिव,<br>महाराष्ट्र सरकार,<br>मंत्रालय, छठी मंजिल,<br>मैडम कामा रोड, मुंबई-400032 |
| श्री परिमल राय,<br>मुख्य सचिव,<br>गोवा सरकार, पोरवोरियम - 403001 | श्री राजेश कुमार,<br>मुख्य सचिव,<br>मणिपुर सरकार, इंफाल-795001 |
| श्री अनिल गोपीशंकर मुकीम,<br>मुख्य सचिव,<br>गुजरात सरकार,<br>गांधी नगर सचिवालय, गांधीनगर-382010. | श्री एम.एस.राव,<br>मुख्य सचिव,<br>मेघालय सरकार,<br>सिविल सचिवालय भवन, शिलोंग-793001 |
| श्री विजय वर्धन,<br>मुख्य सचिव,<br>हरियाणा सरकार,<br>4थी मंजिल, हरियाणा सिविल सचिवालय,<br>चंडीगढ़ – 160001 | श्री लालनुनमाविया चुआंगो,<br>मुख्य सचिव,<br>मिजोरम सरकार, अइज़ोल - 796001 |
| श्री अनिल काछी,<br>मुख्य सचिव<br>हिमाचल प्रदेश सरकार, शिमला-171001 | श्री जान-ए-आलम,<br>मुख्य सचिव,<br>नागालैंड सरकार,<br>सचिवालय, कोहिमा-797001 |
| श्री सुरेश चंद्र महापात्रा,<br>मुख्य सचिव,<br>ओडिशा सरकार,<br>ओडिशा सचिवालय, भुबनेश्वर-751001 | श्री चेलन बी. सांघी,<br>मुख्य सचिव,<br>अंडमान और निकोबार द्वीप समूह संघ राज्य क्षेत्र<br>सचिवालय, पोर्ट ब्लेयर – 744101 |

| | |
|---|---|
| श्रीमती विनी महाजन,<br>मुख्य सचिव,<br>पंजाब सरकार,<br>पंजाब सिविल सचिवालय,<br>चंडीगढ़-160001 | श्री प्रफुल्ल पटेल,<br>प्रशासक,<br>दमन-दीव और दादरा-नगर संघ राज्य क्षेत्र<br>हवेली, फोर्ट एरिया, सचिवालय भवन,<br>मोती दमन-396220 |
| श्री निरंजन कुमार आर्य<br>मुख्य सचिव,<br>राजस्थान सरकार,<br>सचिवालय, जयपुर-302005 | श्री प्रफुल्ल पटेल,<br>प्रशासक,<br>लक्षद्वीप संघ राज्य क्षेत्र,<br>सचिवालय, कवरत्ती – 682555 |
| श्री एस. सी. गुप्ता,<br>मुख्य सचिव,<br>सिक्किम सरकार,<br>ताशिलिंग सचिवालय,<br>गंगटोक-737101 | श्री बी. वी. आर. सुब्रमण्यम,<br>मुख्य सचिव,<br>जम्मू और कश्मीर सरकार,<br>श्रीनगर-190001 |
| श्री सोमेश कुमार,<br>मुख्य सचिव,<br>तेलंगाना सरकार,<br>हैदराबाद-500022 | श्री उमंग नरूला,<br>प्रशासक के सलाहकार,<br>लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र सचिवालय,<br>लेह |
| डॉ. मनोज कुमार,<br>मुख्य सचिव,<br>त्रिपुरा सरकार,<br>सिविल सचिवालय, अगरतला -799001 | |
| श्री राजेंद्र कुमार तिवारी,<br>मुख्य सचिव,<br>उत्तर प्रदेश सरकार,<br>101, लोक भवन, यूपी सिविल सचिवालय,<br>विधान सभा मार्ग, लखनऊ-226001 | |
| श्री ओम प्रकाश,<br>मुख्य सचिव,<br>उत्तराखंड सरकार,<br>4-सुभाष मार्ग, देहरादून-248001 | |

*****